हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 मार्च 2024

13 समाज से भ्रष्टाचार खत्म कर शहीदों को दें अपनी श्रद्धांजलि



14 मोदी की विकास की गारंटी पर जीत की मोहर लगाएगी जनता



## खबर संक्षेप

### आज सुबह तीन घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**फतेहाबाद।** शहर के भट्टू रोड स्थित 33 केवी बिजली घर में 23 मार्च शनिवार को मुरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके चलते इस बिजली घर से चलने वाली सभी लाइनों पर बिजली सप्लाई सुबह 7 बजे से लेकर 10 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली निगम के फतेहाबाद उपमंडल के शहरी एसडीओ मानिक ने दी।

### इंटरलॉक टाइल फैक्ट्री से सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव किरढान स्थित एक इंटरलॉक टाईल फैक्ट्री का ताला तोड़कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। गांव किरढ़ान निवासी विक्रम सिंह ने कहा है कि उसकी गांव में ढिंगसरा रोड पर इंटरलॉक टाइल की फैक्ट्री व सर्विस स्टेशन है। 20 मार्च की रात को वह अपने प्रतिष्ठान को बंद करके घर आ गया था। अगले दिन सुबह जब वह फैक्ट्री में गया तो देखा कि वहां बने कमरे का शीशा टूटा पड़ा था और सर्विस स्टेशन की जाली भी टूटी हुई थी। जब उसने अंदर जाकर सामान को चैक किया तो पाया कि उसकी फैक्ट्री से दो एलसीडी, गल्ले में रखे फर्म के जरूरी कागजात, फ्रिज, इन्वर्टर सहित हजारों का सामान चोरी मिला। चोर फैक्ट्री में लगे कैमरों की डीवीआर को भी चोरी कर ले गए हैं।

### मोटरसाइकिल समेत चोर गिरफ्तार

**कालांवाली।** कालांवाली थाना पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। गांव जंडवाला जटान की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भूषण सिंह निवासी देसूमलकाना के रुप में हुई है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**डबवाली।** थाना सदर डबवाली के अंतर्गत चौटाला चौकी पुलिस ने सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले का आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। चौटाला चौकी प्रभारी जयबीर सिंह ने बताया कि बीती 29 जनवरी को रणजीत निवासी चौटाला के बयान पर उसके भाई विकास के साथ कार चालक द्वारा अपनी कार को लापरवाही से चलाकर टक्कर मारने पर उसके भाई की ईलाज के दौरान मौत होने पर मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान नरेंद्र निवासी चौटाला के रूप में हुई है।

### युवती से मोबाइल छीन ले गए बाइक सवार

**ऐलनाबाद।** दयालनगर निवासी कोमल ने बताया कि बीती 21 मार्च की शाम को वह पैदल गर्ल्स कॉलेज के पीछे की ओर से गली से होते हुए पैदल घर जा रही थी। इसी दौरान उसके पास किसी परिचित का फोन आ गया और वह फोन सुनने में व्यस्त हो गई। तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों में से पीछे बैठे युवक ने उसके हाथ से फोन छीन लिया और बाइक पर भाग गए। उसने काफी शोर भी मचाया, लेकिन जब तक आसपास के लोग आते युवक भागने में कामयाब हो गए।

### दो पिस्तौल समेत चार युवक किए गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने के आरोप में पुलिस ने रतिया में 4 युवकों को गिरफ्तार कर इनके पास से एक पिस्तौल व कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली कि संजय निवासी ढाणी बबनपुर जोकि कई संगीन अपराधों के मुकदमों में वांछित अपराधी है, नाजायज असला लेकर रतिया की नहर कालोनी में कोई आपराधिक वारदात को अंजाम देने आया हुआ है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि वहां चार युवक बाइक लेकर खाली जगह पर खड़े थे। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गए आसैर मोटरसाइकिल लेकर भागने लगे। पुलिस ने इनका पीछा कर इन्हें कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया।

### चुनाव समिति ने खर्च के तय किए रेट

# पगड़ी पहनी या पहनाई तो चुनाव खाते में जुड़ेंगे 300 रुपये, टोपी के लिए 250

- प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख तक खर्च कर सकेगा राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




#### प्रत्याशियों के खाते में जोड़ा जाएगा खर्च

लोकसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रति प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख रुपए के खर्च की सीमा तय की है। प्रचार-प्रसार के दौरान प्रत्याशियों की ओर से इस्तेमाल की जाने वाली चीजों का खर्च प्रत्याशी के चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा। जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने जिलेवार स्टैंडर्ड रेट लिस्ट जारी कर दिया है। जारी किए गए रेट लिस्ट में चुनाव प्रचार के दौरान इस्तेमाल होने वाली चीजों के रेट मेंशन किए गए, जिसके आधार पर ही प्रत्याशी के खर्च में जोड़ा जाएगा। इसके लिए प्रत्याशी को एक्सपेंस रजिस्टर भी मेंटेन करना होगा।

लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मार्च से प्रदेश में आचार सहिंता लागू हो गई है। लोकसभा चुनावों का बिगुल बजते ही जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने चुनाव में इस्तेमाल में होने वाली हर चीज के लिए कमेटियां गठित कर दी है। यह कमेटियां इस बात पर नजर रखेंगी कि प्रत्याशी चुनाव आयोग द्वारा लगाई गई शर्तों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे या तयशुदा सीमा से ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

जिला स्तरीय समिति ने चुनाव में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के रेट भी निर्धारित कर दिए हैं। प्रत्याशी अपनी रैली में पगड़ी पहनता है या किसी को पगड़ी पहनाता है तो उसके 300 रुपये चुनाव खर्च में जुड़ जाएंगे। ऐसे ही चुनाव चिन्ह छपी टोपियां डाली गई तो 250 रुपये प्रत्याशी के खाते में जुड़े जाएंगे। सिल्वर मुकुट व गदा भेंट करने पर 40 हजार रुपये खाते में जुड़ेंगे तो एसी के प्रयोग करने पर 7 हजार का चुनावी खर्च माना जाएगा। चुनाव प्रचार के दौरान हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल होता है तो 25 हजार रुपये प्रति घंटे के हिसाब से पैसा उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। बाहर से बुलाई गई फिल्मी हस्तियों व संगीतकारों का खर्च 2 लाख रुपये प्रतिदिन माना जाएगा। जिला स्तरीय चुनाव समिति ने इसके अलावा भी अनेक वस्तुओं के रेट निर्धारित किए हैं, जिनमें सोफा प्रयोग करने पर 250 रुपये, बैडशीट 20 रुपये, कालीन बिछाने पर 35 रुपये प्रतिदिन, कुर्सी किराया 14 रुपये प्रतिदिन, प्रत्याशियों के साथ चल रही गाड़ियों के चालकों का वेतन 20 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से काऊंट किया जाएगा। टैम्पू, ट्रैक्टर के 3500 रुपये प्रतिदिन, क्वालिस, सूमो का खर्च 2500 रुपये, टाटा 407 का किराया 2500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रत्याशी के खर्च में जोड़ेगा। प्रत्याशी व उसके नेता का कटआऊट लगाने पर 100 रुपये प्रति फुट के हिसाब से खर्च गिना जाएगा। इसके अलावा कार्यालय का किराया, झंडे, लाऊडस्पीकर, तिपहिया वाहन, होटल के कमरे, प्लास्टिक व कपड़े के झंडे, मिठाईयों के भी रेट निर्धारित किए गए हैं।

#### चुनावी सभा में गद्दे पर बैठने तक का जुड़ेगा खर्च

चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा जगह-जगह चुनावी सभाएं की जाती हैं। ऐसे में मंच पर नेताजी यदि गद्दे पर बैठे तो उन्हें उसका भी हिसाब देना होगा. चुनाव आयोग ने सादे गद्दे के 15 रुपए और फॉम गद्दे के 20 रुपए रेट तय किए हैं। दरी बिछाने पर प्रति दरी 14 रुपए और यदि तकिए से टिककर बैठे तो 10 रुपए नेताजी के हिसाब में जुड़ जाएगा। चुनाव के दौरान जमकर गर्मी भी होगी। ऐसे में सभा में आने वाले मतदाताओं या फिर मीटिंग के दौरान कार्यकर्ताओं को गर्मी से राहत देने कूलर लगाया तो 100 रुपए का हिसाब जुड़ेगा।

#### इनके रेट निर्धारित

| सामान | रेट |
|---|---|
| मिठाई | 440 रुपये प्रति किलो |
| लड्डू | 150 रुपये |
| लड्डू(देसी घी ) | 350 रुपये |
| कोल्ड ड्रिंक | 50 रुपये प्रति लीटर |
| जरनेटर सैट | 2000 रुपये प्रतिदिन |
| पंखा, कूलर | 100 रुपये प्रतिदिन |
| ढोलक-बैंड बाजा | 1000 रुपये |

# सार्वजनिक स्थानों की चेकिंग करने के निर्देश



**फतेहाबाद।** होली व लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते एसपी आस्था मोदी। *फोटो : हरिभूमि*

- एसपी ने होली व लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में लोकसभा चुनाव 2024 तथा होली पर्व पर सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली।

एसपी ने जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों से पूछताछ करके उन पर निगरानी रखने, अवैध हथियार रखने, अवैध शराब विक्रेताओं, रुपयों द्वारा वोटों की खरीद-फरोक्त करने वालों व उद्घघोषित/जमानत तर्क,अति वांछित अपराधियों पैरोल जंपर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। एसपी ने कहा कि सड़कों पर बिना नंबरों वाले वाहनों की चैकिंग की जाए तथा बिना कागजात के पाए जाने वाले व बुलेट पटाखा मोटरसाइकिलों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाए।

अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति को हर हाल में सलाखों के पीछे डालने का काम करें। थाना में कोई भी व्यक्ति शिकायत लेकर आता है तो उसकी पूरी समस्या को सुने और उसे न्याय देने का काम करें। थाने में आने वाले के साथ अच्छा व्यवहार करें ताकि उसे लगे कि पुलिस से उसकी बात को अच्छे से सुनकर न्याय देने का काम किया है। महिला विरुद्ध अपराध में आरोपी को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार किया जा कर अभियोग का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

# पंजाबी में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाली छात्राओं को शैक्षणिक मेरिट अवॉर्ड

- सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** होनहार छात्राओं को सम्मानित करते राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा के प्राध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में पंजाबी विभाग द्वारा चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा घोषित बीए कक्षाओं के परिणाम अनुसार पंजाबी विषय में शानदार प्रदर्शन करने वाली होनहार छात्राओं को शैक्षणिक मैरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों की उपस्थिति में पंजाबी विभाग द्वारा इन छात्राओं को मेरिट अवार्ड प्रदान करके सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के पंजाबी विभाग के विभागाध्यक्ष सहायक प्रोफेसर रोहित कुमार ने बताया कि पिछले दिनों चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में महाविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाबी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर योग्यता सूची में अपना स्थान बनाया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मंजू बाला ने 94 प्रतिशत, पूनम रानी ने 94 प्रतिशत तथा मनु रानी 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। बीए तृतीय वर्ष में नीतू बाला ने 92 प्रतिशत, आशा ने 91 प्रतिशत तथा किन्दर कौर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शैक्षणिक मैरिट अवार्ड विजेता सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर ने पंजाबी विभाग के छात्राओं को उनके इस शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी।

### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने मचाया धमाल

**सिरसा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय फतेहपुरिया नियामत खां में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप बड़ागुढ़ा की बीईओ मनीषा नी दीपा ने शिरकत की व विशेष अतिथि के रूप में सरपंच सुनीता ढिढारिया, शालू भारद्वाज सीआरसी पंजुआना व समग्र शिक्षा सिरसा बलबीर सिंह, वीरेंद्र ख्यालिया तथा नरेंद्र शर्मा उपस्थित हुए। इस दौरान छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियों दी जिसमें उन्होंने सांस्कृतिक, साहसिक खेलकूद, रंगोली, मेहंदी, पेटिंग आदि गतिविधियां शामिल थी।

इस कार्यक्रम में सभी बच्चों के अभिभावक भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जलपान व भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को ट्राफियां व गिफ्ट आइट्स दिए गए।

# आईजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

- स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में नीलम प्रथम स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना




**टोहाना।** मतदाता जागरुकता रैली निकालते आईजी कॉलेज के विद्यार्थी।

इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय में चुनावी साक्षरता क्लब के तत्वावधान में लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्र व छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूकता के लिए कॉलेज प्रांगण से लेकर गीता कॉलोनी होते हुए कोर्ट रोड तक स्लोगन के साथ रैली निकाल कर आम नागरिक को जागरूक किया गया।

कॉलेज प्राचार्य वीरेंद्र पाल सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर छात्र छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सभी छात्र व छात्राओं से कहा कि सरकार बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का वोट मूल्यवान होता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को निष्पक्ष तरीके से मतदान करना चाहिए और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल ऑफिसर डॉ. जगसीर सिंह, डॉ. गुणवंती व डॉ. सुनीता द्वारा करवाया गया। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में बीए प्रथम की वर्ष की छात्रा नीलम प्रथम स्थान पर, बीए प्रथम वर्ष जसपाल द्वितीय स्थान व मीनू तीसरे स्थान पर रही।

## प्राथमिक शिक्षकों ने मांगों को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**टोहाना।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के जिला महासचिव योगेंद्र वर्मा के नेतृत्व में प्राथमिक शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को लेकर टोहाना के खंड शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में एलटीसी, मेडिकल बजट, डबल ड्यूटी, वेतन कटौती, और ज्वाइनिंग लेट जैसी समस्याओं का उल्लेख किया गया है। शिक्षक संघ के जिला महासचिव योगेंद्र वर्मा ने बताया कि नवचयनित शिक्षकों की एलटीसी फाइल स्वीकृत हुए एक साल हो गया है, लेकिन अभी तक विभाग द्वारा बजट जारी नहीं किया गया है। अध्यापकों के मेडिकल बिल पास हो चुके हैं, परंतु उनका बजट अभी तक नहीं आया है। प्राथमिक अध्यापकों की बीएलओ और पीपीपी में डबल ड्यूटी लगी हुई है। संघ ने मांग की है कि एक अध्यापक की एक कार्य में ही ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि अध्यापकों के वेतन पर 30 प्रतिशत कैप लगने के कारण वेतन रुक गया है। 2017 बैच के अध्यापकों की ज्वाइनिंग अभी तक शुरू नहीं हुई है। बीईओ रामरत्न ने नव चयनित कार्यकारिणी को बधाई दी और अपने स्तर पर हर समस्या के समाधान के लिए जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में उनके स्तर पर किसी भी अध्यापक का कोई भी कार्य लंबित नहीं रहेगा।



## हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने किया विधि महाविद्यालय का दौरा

**सिरसा।** सिरसा एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित लाला हंसराज फुटेला विधि महाविद्यालय द्वारा आयोजित संगोष्ठि में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विनोद एस. भारद्वाज बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। उन्होंने दीप प्रजवलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उनके साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाणी गोपाल शर्मा एवं मुख्य दंडाधिकारी हिमांशु सिंह भी उपस्थित हुए। सोसायटी के अध्यक्ष अरविंद बंसल ने मुख्यातिथि एवं सभी अतिथिगणों का स्वागत किया। उन्होंने सिरसा एजुकेशन सोसायटी एवं इसके अंतर्गत चलने वाले सभी संस्थानों के बारे में अवगत करवाया। तत्पश्चात मुख्यातिथि ने छात्र-छात्राओं को वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रचलित तीन विषयों- प्रेम विवाह, अंर्तजातीय विवाह, लिव-इन रिलेशनशिप आदि पर अपना संबोधन दिया। मुख्यातिथि ने कहा कि वस्तुओं को



व्यक्तिगत रूप से देखने की बजाए, कानून के परिपेक्ष्य में देखे जाने पर बल दिया। मुख्यातिथि ने संगोष्ठि में उपरोक्त विषयों के संदर्भ में सभी शिक्षकगणों, छात्र-छात्राओं को उनके पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार रखने के लिए कहा।

### रंगों के त्योहार को लेकर बच्चे उत्साहित, इलेक्ट्रिक पिचकारियों की डिमांड

# होली पर सजे बाजार, दो दिन पूर्व ही बढ़ने लगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** होली पर सजे बाजार। *फोटो : हरिभूमि*

#### पक्के रंग की मांग घटी

साल दर साल पक्के रंग की मांग कम होती जा रही है। इस बार तो इसकी मांग एक चौथाई ही रह गई है। सभी लोग त्वचा को लेकर जागरूक हो गए हैं। लोग सूखी होली खेलने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। पक्के रंग की बजाय गुलाल की डिमांड अधिक है। खासकर कैमिकल रहित गुलाल ज्यादा मांग रहे हैं।
**-राजेन्द्र आहूजा**, राज जनरल स्टोर।

#### गुलाल उड़ाने के लिए शूटर गन भी उपलब्ध

होली के त्योहार को लेकर इस बार डिजाइनदार पिचकारियों से लेकर गुलाल उड़ाने के लिए शूटर गन भी उपलब्ध हैं। ग्राहकों की डिमांड के अनुसार उनको चीजें मिलेंगी। इस बार होली को लेकर अनेक तरह की आईटमें बाजार में आई हुई है। बच्चों को लुभाने के लिए आकर्षक पिचकारियों के साथ-साथ गुलाल गन और सिलैण्डर की लोग काफी डिमांड कर रहे हैं। रंगों से बचने के लिए फेस मास्क की भी अच्छी बिक्री हो रही है।
**-रमन**, नरूला सुपर स्टोर।

होलिका दहन का त्योहार हर वर्ष फाल्गुन माह की पूर्णिमा पर मनाया जाता है। होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इसके अगले दिन प्रतिपदा तिथि पर रंगों और गुलाल से होली खेली जाती है। होलिका दहन पर भद्रा काल जरुर देखा जाता है। शास्त्रों में होलिका दहन को लेकर कहा गया है कि ये पर्व भद्रा रहित पूर्णिमा की रात को मनाना उत्तम रहता है। श्याम मंदिर के पुजारी सोनू शर्मा ने बताया कि भद्रा की मुख में होलिका का दहन नहीं किया जाता। फाग को अभी 2 दिन शेष है लेकिन अभी से बाजारों में रौनक शुरू हो गई है। रंगों के त्योहार होली को लेकर फतेहाबाद के बाजार रंग व गुलाल से सज गए हैं। इस बार लोगों में तिलक होली खेलने के लिए सूखे गुलाल की मांग ज्यादा है। हालांकि नए आइटम के रूप में इस बार इलैक्ट्रिक पिचकारियों की भी काफी डिमांड है। गुलाल शूटर गन, गुलाल सिलैंडर, पब्जी गन जैसी चीजें भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। गुलाल सिलैण्डर को दबाने पर इसमें से अलग-अलग रंग का गुलाल निकलता है। इस सिलैंडर की कीमत 1000 रुपये से लेकर 1400 रुपये तक है। इसी तरह मैजिक गुलाल गन भी 220 से 350 रुपये तक में मिल रही हैं। बार कैमिकल रहित गुलाल की डिमांड ज्यादा है। साथ ही दुकानों को मुखौटों और पिचकारियों से सजा रखा है।

#### बच्चों की पिचकारियों के भी डिजाइन बदले

इस बार बच्चों के लिए पिचकारियों के भी डिजाइन बदले हुए हैं। पहले की तरह सामान्य पिचकारियों की बजाय इस बार इलैक्ट्रिक पिचकारियों के अलावा टैंक, बंदूक व कलम वाली पिचकारी सबसे अधिक लोगों को लुभा रही है। स्पाइडरमैन, छोटा भीम, गणेश, डोरीमॉन, पिकाचू के रूप में भी पिचकारी दुकानों पर उपलब्ध है। छोटी लड़कियां बॉर्बी डोल, बर्ड, डक और शोल्डर टैंक की पिचकारियां अधिक पसंद की जा रही हैं। शहर के थाना रोड, पुरानी सब्जी मंडी, धर्मशाला रोड व चार मरला कॉलोनी सहित शहर के बीच गलियों में छोटी-मोटी दुकानें भी रंगों व पिचकारियों से अट गई हैं। ज्यों-ज्यों होली के दिन नजदीक आ रहे हैं, इन दुकानों पर खरीदारों की भीड़ भी बढ़ रही है। व्यापारियों ने ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए खुशबू वाली गुलाल मंगाई है।

### आप नेता श्याम मेहता व पदाधिकारी गिरफ्तार

**सिरसा।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी के विरोध में मुख्यमंत्री हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित आवास के घेराव के लिए गए सिरसा के आम आदमी पार्टी के अनेक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व जिला सचिव श्यामलाल मेहता, आप के सिरसा लोकसभा अध्यक्ष कुलदीप गदराना, आप की जिला उपाध्यक्ष कविता नागर विशेष रूप से शामिल हैं। गिरफ्तार होने से पूर्व आप नेता श्यामलाल मेहता ने कहा कि आप कार्यकर्ताओं की ओर से भाजपा सरकार के खिलाफ किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने आप कार्यकर्ताओं पर न केवल लाठीचार्ज किया बल्कि पानी की बौछारें भी करके अनेक कार्यकर्ताओं को घायल किया।


व्हेल मछली उल्टी दिशा में नहीं तैर सकती।


हाथी अपनी सूंड में पांच लीटर पानी रख सकता है।

# कंप्यूटर टीचर बनने के लिए क्या करें



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है।

## भारी डिमांड

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## कैसे बनें कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंडों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

### नौकरी के कई अवसर

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूट्यूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।

आइक्यू लेवल अधिक है तो यह विकल्प है आपके लिए

# फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है तो फिल्म डायरेक्टर बन चमकाएं करियर

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

व्यक्ति अपनी रूचि के आधार पर अपने भविष्य को निर्धारित करने की सोचता रहता है। व्यक्ति अपने रुचि के आधार पर ही भविष्य को बनाए तो अच्छा रहेगा। किसी के दबाव में आकर यदि व्यक्ति अपने भविष्य को बनाने जाए तो अधिकतर लोगों को ऐसी परिस्थिति में और सफलता मिलती है। यदि आपको फिल्मों और फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है, तो ऐसे में आपके लिए करियर ऑप्शन के तौर पर एक फिल्म डायरेक्टर बनने का भी ऑप्शन होता है। फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते हैं? यह सवाल अक्सर लोग पूछते रहते हैं लेकिन यदि आपकी माइंड क्रिएटिविटी अधिक है या आपके माइंड का आइक्यू लेवल अधिक है तो आप फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। इसके लिए ना तो ज्यादा पढ़ाई की जरूरत है और ना ही किसी अन्य सर्टिफिकेट की जरूरत है। आप अपने टैलेंट के दम पर फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए कई प्रकार के पढ़ाव व्यक्ति को अपने जीवन में पार करने होंगे। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते है। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।









## कौन होता है फिल्म डायरेक्टर

किसी भी फिल्म को बनाने में फिल्म डायरेक्टर की मुख्य भूमिका होती है। फिल्म डायरेक्टर हिट फिल्म को बनाने के लिए पूरी कोशिश करता रहता है। फिल्म डायरेक्टर के बिना फिल्म बनाना काफी मुश्किल हो जाता है। फिल्म पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक फिल्म डायरेक्टर की निगरानी के अंदर बनती है। फिल्म बनाने के सभी कार्य को निर्देशित करने वाला व्यक्ति फिल्म डायरेक्टर ज्ञान निर्देशक चलाता है। आज के समय में फिल्म बनाना काफी एडवांस हो गया है। यहां एक व्यक्ति बहुत सारे किरदार निभा रहा है। कई लोग इस फिल्म में अभिनेता होने के साथ-साथ फिल्म डायरेक्टर का काम भी करते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनना व्यक्ति के लिए एक चुनौती भी है। क्योंकि यहां पहुंचने के लिए काफी मेहनत लगती है। लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए किसी भी प्रकार से पढ़ाई की कोई जरूरत नहीं होती है। व्यक्ति आठवीं दसवीं पास भी फिल्म डायरेक्टर बन सकता है।

## करने पड़ते हैं ये महत्वपूर्ण काम

किसी भी फिल्म बनाने में मुख्य भूमिका फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म के सभी एक्टिविटी को फिल्म डायरेक्टर के द्वारा निर्देशित किया जाता है। फिल्म की कहानी से लेकर फिल्म पूरी होने तक की संपूर्ण जिम्मेदारी फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म डायरेक्टर जो फिल्म के सभी किरदार के रोल को प्ले करवाता है। कैमरा की शूटिंग करवाता है, फिल्म की जगह का चयन करता है। उस फिल्म किस कहानी पर बनानी है इसका निर्धारण करता है। फिल्म की शूटिंग किस टाइप से करनी है। इसका निर्धारण करता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के कई कार्य होते हैं। फिल्म डायरेक्टर का सबसे पहला काम फिल्म की कहानी का चयन करना होता है। फिल्म की कहानी का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को फिल्म के शूटिंग की बेहतरीन जगहों का चयन करना होगा। फिल्म की शूटिंग के लिए बेहतरीन जगह का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को किरदार पर कौन से अभिनेता व अभिनेत्री को काम देना है इनका चयन करना होगा। फिल्म डायरेक्टर ही तय करता है कि फिल्म की कहानी किस आधार पर टूट की जाएगी और सूट करने के लिए क्या लोकेशन रखना है कैसे शूट करना है इन सभी पर मुख्य ध्यान दिया जाता है। फिल्म डायरेक्टर हीरो और हीरोइन को एक्टिंग के लिए और हर टास्क को अच्छे से पूरा करने के लिए निर्देशित करते हैं।

## जरूरी योग्यताएं

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए ऐसी कोई खास योगिता की जरूरत नहीं होती है। लेकिन फिर भी फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति को विशेष प्रकार से कई प्रकार की योग्यता को पूरा करना होगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए किसी भी प्रकार की पढ़ाई की जरूरत नहीं होती है। लेकिन आपके पास अनुभव होना चाहिए। अनुभव के बिना आज फिल्म को डायरेक्ट नहीं कर पाएंगे और आपको फिल्म डायरेक्ट करने का मौका भी नहीं मिलेगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति के बाद आत्मविश्वास होना चाहिए। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए योग्यता के तौर पर आपको फिल्म डायरेक्टर कोर्स के सर्टिफिकेट की भी अक्सर जरूरत पड़ती है।

## सर्टिफिकेट इन एनिमेशन

- फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए सर्वप्रथम अपने अंदर फिल्मों की सूची को बढ़ाना होगा और अपने टैलेंट को स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही बाहर निकालने का प्रयास करना चाहिए।
- आज के समय में कई प्रकार के सर्टिफिकेट की जरूरत भी होती है ऐसे में आप फिल्म डायरेक्शन के क्षेत्र में यदि अपना करियर बनाना चाहते हैं तो फिल्म डायरेक्शन और सिनेमा से जुड़े कई प्रकार के डिप्लोमा होने से कुछ डिप्लोमा हासिल करके फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं।
- बेहतर योजना के साथ स्कूल व कॉलेज में ड्रामा और प्रोग्राम में भाग लेकर अपने टैलेंट को लोगों के सामने पेश करें।
- कई आइडियल शॉ प्रतिवर्ष होते हैं उन्हें अपनी क्रिएटिविटी को बाहर लाएं और फिल्म इंडस्ट्री की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़े।
- टेलीविजन डायरेक्टर बनकर अपने करियर की शुरुआत करने का प्रयास करें या छोटे-मोटे किसी अभिनय जान नाटक के डायरेक्टर बंद कर इस इंडस्ट्री में अपने कदम को रखते हुए आगे बढ़े।
- जब आप टेलिविजन डायरेक्टर या किसी अन्य नाटक में डायरेक्टर पद पर अच्छे से काम कर रहे हैं। तो आपको कई चांस होते हैं, कि फिल्म डायरेक्टर पद पर आपको नौकरी मिल जाती है।
- आप अपनी जान पहचान के आधार पर भी फिल्म डायरेक्टर की नौकरी फिल्म इंडस्ट्री में हासिल कर सकते हैं।

## फिल्म डायरेक्टर के कोर्स

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए आपको कई प्रकार के सिनेमा से जुड़े कोर्स करने होते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए जरूरी कोर्स की सूची हम आपको नीचे कुछ इस प्रकार से प्रदान करवा रहे हैं।

- बेचलर इन सीनेमेटिक
- पीजी इन फिल्म डायरेक्शन
- बेचलर इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन फिल्म एंड टीवी प्रोडक्शन
- बीएससी इन सिनेमा
- डिप्लोमा इन डायरेक्शन
- डिप्लोमा एंड पीजी डिप्लोमा इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन मीडिया एंड कम्यूनिकेशन

## भविष्य में स्कोप

फिल्म डायरेक्टर बनने वाले व्यक्ति के भविष्य के इसको कि यदि बात करें, तो फिल्म इंडस्ट्री में जाने के पश्चात स्कोप की कोई कमी नहीं है। क्योंकि फिल्म उद्योग दिन प्रतिदिन बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है और ऐसे में यदि आप फिल्म इंडस्ट्री में कैरियर की बात करें तो यहां हजारों करियर ऑप्शन आपको अलग-अलग मिल जाएंगे। आप फिल्म डायरेक्टर की नौकरी करते करते आप फिल्म प्रोडक्शन भी बन सकते हैं। इससे बड़ा कोई स्कोप नहीं हो सकता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के मुख्य फ्यूचर स्कोप कौन-कौन से हैं। इसकी जानकारी हम आपको नीचे दे रहे हैं।

- अभिनेता और अभिनेत्री बन जाना
- कहानी लेखक बन जाना
- खुद की फिल्म बनाना
- फिल्म के प्रोड्यूसर बन कर काम करना
- फिल्म में अन्य रोल पर भी प्ले करना
- फिल्म डायरेक्टर बनने के पश्चात आप कई तरह से फिल्म के अलग-अलग किरदार के अनुभव को आसानी से सीख सकते हैं और उसके पश्चात आप भी उन किरदार पर काम कर सकते हैं या खुद का फिल्म बनाने तक भविष्य में आगे जा सकते हैं।

# भारत के युवाओं को पाखंड और पाखंडियों की पहचान करने की कला सीखनी होगी



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

भारत के युवाओं को जब मैं पाखंड की शरण में जाता देखता हूं तो मुझे बड़ा तरस आता है, विश्व के सबसे बड़े और महा ऋषि स्वामी दयानंद सरस्वती जी के देश में इतना पाखंड जिसमे भारत की वो युवा पीढ़ी निगली जा रही हैं। इसके लिए बड़ा ही चिंतन और मंथन की जरूरत हैं। मैं अगर आज से 30 से 40 वर्ष पहले की बाद करूं तो कोई भी युवा पाखंड से प्रभावित नही थे परंतु लगभग पिछले 20 वर्षो से पाखंड बहुत तेजी से फैल रहा हैं। युवा साथियों, दो देवता तो कुछ साल पहले अवतरित हुए, पहला शनि देवता तथा दूसरा साई देवता। पूरी युवा पीढ़ी शनि तथा साईं के चक्कर में उलझते जा रहे हैं, हमारे देखते देखते पिछले कुछ सालों में ही शनि तथा साईं के इतने स्थल बन गए जो वेद विरुद्ध कार्य करते हैं।

## काला धागा बांधना भी पाखंड

कोई इस पर चिंतन मंथन नही करता कि पहले तो ये शनि और साईं देवता नही थे वो अब कहां से प्रकट हो गए, यहीं तो युवाओं को जानने की जरूरत हैं। अरे मुझे आश्चर्य होता है कि आज के लड़के लड़कियां हाथों में तथा पैरों में भी काले धागे बांधते हैं, लोग गाडियों में नींबू मिर्ची लगा कर बिना हेलमेट तथा बिना बेल्ट लगा कर चलाते हैं। युवा साथियों नींबू मिर्ची आपकी जान नही बचाएगी, जान तो हेलमेट तथा बेल्ट ही बचाएगी। लोग, छोटी सी प्रोब्लम होते ही भाग पड़ते है, बूझा निकलवाने के लिए, और वहां 500 अथवा 1000 रुपए देकर, ठगी करा कर आते है तथा कहते सब अच्छा हो गया। युवा साथियों आपका जीवन राष्ट्र को विकसित करने में अपनी भूमिका तय करना है ना कि सारा समय इस पाखंड में उलझना हैं, दोस्तो ये व्यवसाय है। अब मैं युवाओं को मेहनती, कर्मठ, शोध तथा सच्चाई को अपनाने के लिए संकल्प लेने की बात कर रहा हूं। आओ अब विमर्श करते है जो गतिविधियां जीवन को पाखंड में डालती हैं, उससे पहचानने तथा बचने की आवश्यकता हैं।

- किसी के पास अपना भविष्य जानने जाना, निरा पाखंड हैं, अरे जो व्यक्ति सड़क किनारे बैठा है या अपनी दुकान सजाकर बैठा है वो अपना तो भविष्य सुधार नहीं सकता, वो दूसरे का भविष्य क्या सुधरेगा।
- हाथ पैरों में काले, पीले, लाल धागे बांधना।
- हर दिन अलग अलग रंग के कपड़े पहनना।
- शनि, को देवता मानना। जो की केवल एक ग्रह है और वो किसी के ऊपर नही चढ़ता क्योंकि वो पृथ्वी से भी बड़ा हैं।
- साईं बाबा को ईश्वर मानना भी तो पाखंड हैं।
- हस्तरेखा दिखाना और उस पर विश्वास करना।
- देवता केवल पांच है अग्नि, जल, वायु, धरती, और आकाश, जो हमे जीवन देते हैं, बाकी सब पाखंड हैं।

## इनसे दूर रहने की जरूरत

- भगवान श्री कृष्ण को अपनी डलियां में लेकर घूमना।
- पवित्र पेड़ो में धागे बांधना, नारियल बांधना।
- चौक चौराहे पर टोने टोटके करना भी सबसे बड़ा पाखंड हैं।
- नए घर बना कर, उसके सामने काला मुखौटा, अथवा टायर बांधना भी तो पाखंड हैं।
- गले में किसी भी प्रकार के ताबीज बांधना।
- बाजू में काले धागे बांधना, गले में भी काले धागे बांधना भी पाखंड हैं।
- किसी के घर में कोई भी टोना टोटका करना, किसी के घर में आग लगा देना, किसी के घर में मांस या खाने की चीजे डालना।
- किसी बच्चे के बाल काटना, किसी के वस्त्र कटना भी टोना हैं परंतु ये पाखंड है, ऐसे लोगो का मानसिक इलाज कराने की आवश्यकता हैं।
- बड़े बड़े भविष्य दिखाकर गरीबों को ठगना भी पाखंड हैं। भगवान तुम्हारी कठपुतली नही है जैसा चाहो वैसा व्यवहार करो।
- दिन के अनुसार अलग अलग रंग के कपड़े पहनना शुभ मानते है तो ये पाखंड हैं।
- अपने दिमाग पर ताला लगा कर तर्क हीनता भी पाखंड हैं। महिलाओं में भूत प्रेत की घटनाएं भी तो पाखंड का सबसे बड़ा दृश्य हैं। किसी पशु पक्षियों की बलि चढ़ाना।
- किसी के कहने पर छोटे छोटे बच्चो के साथ गलत कार्य कर देना जो उनकी जान के लिए खतरा भी हो सकता हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्कृत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दे द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### प्रचार सामग्री पर प्रेस का नाम व पता जरूरी: डीसी

**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आरके सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता अंकित होना जरूरी है। प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम-पता अंकित नहीं होने पर छह महीने की सजा हो सकती है। चुनाव के दौरान सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ही प्रचार सामग्री की छपाई करें।

### राजकीय महिला कॉलेज में मोटिवेशनल संगोष्ठी

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को राजनीतिक विभाग व लोकप्रशासन विभाग द्वारा मोटिवेशनल सिंपोजियम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी विक्रमजीत सिंह ने बताया कि हरियाणवी कलाकार राम मेहरा रटोरिया ने देशभक्ति रागिनी द्वारा बच्चों में जागृति लाने



### न्यायाधीश ने किया कोर्ट रूम का उद्घाटन

**रानियां।** जिला एवं सत्र न्यायधीश, सिरसा वाणी गोपाल शर्मा ने बताया कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़ के एक्टिंग चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह संघावालिया व अन्य न्यायाधीश विनोद एस. भारद्वाज पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट, चंडीगढ द्वारा बृहस्पतिवार को उपमंडल रानियां के कोर्ट रूम का उद्घाटन किया गया।



### श्रीराम से स्नेह करने वाले का कल्याण संभव

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस साध्वी त्रिपदा भारती ने कहा प्रभु श्रीराम की चरण रज को प्राप्त कर अहिल्या का उद्धार हुआ। यह प्रभु के चरणों का प्रताप है। जो भी उनके चरणों से स्नेह करता है। उसका कल्याण संभव हो जाता है। साध्वी ने कहा कि श्रीराम व जानकी का विवाह, जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है।

## आढ़ती एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# गेहूं और सरसों की खरीद पर 2.5 प्रतिशत दामी मिले : मेहता

### काफी समय से सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं की जा रही



**सिरसा।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए आढ़ती एसोसिएशन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिहं सैनी के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गेहूं तथा सरसो की खरीद पर आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत दामी देने की मांग की गई है। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि आढ़तियों ने सदैव ही सरकार के साथ मिलकर प्रदेश की उन्नति में राजस्व देकर अपना योगदान दिया है।

जब-जब प्रदेश में कोई प्राकृतिक आपदा आई है, तब तब आढ़तियों ने अपना यथासंभव योगदान देकर सरकार की मदद की है, लेकिन काफी समय से आढ़ती गेहूं तथा सरसों की खरीद पर पूरी दामी न मिलने की वजह से आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आढ़तियों को गेहूं की खरीद पर 2.5 प्रतिशत की बजाय 45.88 रुपए ही दामी दी जा रही है। पिछले काफी समय से सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं की जा रही है जिस कारण आढ़तियों को सरसो खरीद पर दामी नहीं मिल रही है जोकि आढ़तियों के साथ सरासर अन्याय है। इस वजह से आढ़तियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए आढ़तियों की मांग है कि उन्हें गेहूं की खरीद पर पूरी दामी 2.5 प्रतिशत दी जाए तथा सरसों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जाए ताकि आढ़तियों को आर्थिक रूप से कुछ राहत मिल सके और सरकार तथा आढ़तियों के मध्य सौहार्दपूर्ण रिश्ता बना रहे।

**एसडीएम ने दिया आश्वासन**

एसडीएम ने आढ़तियों की सभी बातों को ध्यान से सुना और पूरा करने के तथा मांगों को उपायुक्त के माध्यम से सीएम तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया। प्रतिनिधि मंडल में उपप्रधान प्रेम बजाज, कोषाध्यक्ष कुणाल जैन, सुशील कसवां, दीपक कंबोज, अंकित कालड़ा, सहसचिव महावीर शर्मा, लाभचंद कंबोज, सुधीर ललित, कृष्ण गोयल, सुशील रहेजा, गुरचरण सिंह, गुरजंट गिल सहित अन्य आढ़ती शामिल थे।

आढ़तियों की मांग है कि हरियाणा के किसानों को भी राजस्थान सरकार की तर्ज पर गेहूं पर 125 रुपए बोनस देने की घोषणा की जाए। साथ ही प्रधान मनोहर मेहता ने एसडीएम को अनाजमंडी में मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया।

# श्याम मंदिर में फाल्गुन उत्सव का समापन



**सिरसा।** फाल्गुन उत्सव के दौरान भजन प्रस्तुत करते हुए कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्राचीन श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीला मनभावन सतरंगी अलबेला श्री श्याम फाल्गुन उत्सव के समापन पर बाबा श्याम की पूजा अर्चना पुजारी पंडित प्रिंस शर्मा, राहुल शर्मा ने करवाई। भजन संध्या में मंच संचालन राजेश गोयल रिंकू ने किया और उसके बाद कोलकाता से विवेक शर्मा बाबा ने बाबा श्याम का पावन शब्दों में गुणगान किया। ताली कीर्तन संघ के मुख्य सेवक मनीष सोनी ने बताया कि भक्तों द्वारा आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। बाबा श्याम की भजन संध्या में ओडिशा के पूर्व रा'यपाल प्रो. गणेशी लाल, मनीष सिंगला, भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर, युवा कांग्रेस नेता राजन मेहता ने भी बाबा श्याम का आशीर्वाद लिया। प्रो. गणेशीलाल ने कहा कि श्री श्याम बाबा सभी की मनोकामना पूरी करते हैं। उन्होंने कहा कि सिरसा धार्मिक नगरी है, यहां के लोग धर्म-कर्म में आस्था रखते हैं। इस मौके पर तेजपाल शर्मा, विकास गर्ग, अश्वनी बंसल, नवीन गोयल, प्रदीप ढाका, अनिल गोयल, दीपक मोंगा, नितेश गर्ग, विशाल बंसल, योगेश शर्मा, दीपांशु गर्ग, दीपक गुप्ता, गौतम गोयल, सागर, साहिल आदि श्याम भक्त मौजूद थे।

### होली पर रंगों का इस्तेमाल कम करें : प्रो. मलिक

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने होली के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा गैर शिक्षक कर्मियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों से तिलक होली मनाने की अपील की और केमिकल्स वाले रंगों से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज विश्व जल दिवस है और जल का हमें सूझबूझ के साथ उपयोग करना चाहिए। विश्वविद्यालय के डीन फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज प्रो. रानी ने जल दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि जितनी भी सभ्यताए हुई है सभी नदी के किनारे विकसित हुई है। उन्होंने पानी के सतत प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपनी दिनचर्या को वातावरण को शुद्ध करने व जल बचाने के साथ जोड़ना चाहिए। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय तथा ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग द्वारा एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा की अध्यक्षता डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर राजकुमार ने की तथा विभिन्न विभागों के अध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# ईवीएम वेयर हाउस का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आरके सिंह ने लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा, लाइट, स्वच्छता व नियमों की पालना के बारे में समीक्षा की। उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों का भी जायजा लिया। लोकसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो चुकी है। आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग ने एक कारगर एप सी-विजिल तैयार किया है। इस एप के माध्यम से फोटो या वीडियो अपलोड कर कोई भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कर सकता है। एप पर आने वाली लोकेशन पर 100 मिनट के अंदर शिकायत पर कार्रवाई होगी। सी विजिल एप पर आने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग के लिए उप निदेशक कृषि डॉ. सुखदेव सिंह को जिला में नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में आचार संहिता की पालना दृढ़ता से हो। एफएसटी और एसएसटी टीमें उल्लंघना करने वालों पर चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाएं। एप पर कोई भी नागरिक आचार संहिता की उल्लंघना करने वालों की शिकायत कर सकता है।

# भ्रष्टाचार खत्म कर शहीदों को दें श्रद्धांजलि

- एमपी रोही के कन्या विद्यालय में शहीदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। राजकीय कन्या व.मा. विद्यालय एमपी रोही में शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य भगवान दत्त।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर रोही में शहीदी दिवस से पूर्व शहीदों की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षाविद् भगवान दत्त, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान, गांव के सरपंच रामेश्वर दास, एसएमसी प्रधान कालूराम ने शहीदों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर गांव के पंच, एसएससी सदस्य, विद्यार्थियों के अभिभावक, स्टाफ सदस्य दीपिका सेठी, कमलेश रानी, शशीबाला, सुनीता रानी, संजय ग्रोवर, अशोक डीपीई, अजयपाल, रमेश शास्त्री, दिलबाग सिंह, सुजाता रानी, वीना रानी, हनुमान सिंह, सुरेन्द्र सिंह, गुरदीप व छात्राएं मौजूद रही। शहीदी दिवस कार्यक्रम में शहीदे-आजम भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव को याद करते हुए प्राचार्य भगवान दत्त ने कहा कि शहीदों ने देश की आजादी व हमारे लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। वे हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। उन्होंने कहा कि भगत सिंह व उनके साथियों की इच्छा थी कि हमारा देश आजाद हो तथा इस देश में किसी तरह की अव्यवस्था न हो। सभी को समान हक मिले, किसानों, मजदूरों, गरीबों को भी हर तरह की सुविधा व सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजली यह होगी कि हम समाज से आडम्बरों, जातिवाद, अंधविश्वास, भ्रष्टाचार व भेदभाव को खत्म करें। उन्होंने कहा कि हम आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से समान हितों को महत्व देकर साम्प्रदायिक असहमतियों से मुक्त हों। ओमप्रकाश कादयान ने कहा कि समाज व अपने देश के प्रति समर्पण की भावना हमें साधारण से असाधारण बना सकता है इसलिए हम राष्ट्र हितों की रक्षा करें।




**फतेहाबाद।** नेचर स्टडी एडवेंचर कैम्प के लिए विद्यार्थियों के दल को रवाना करते डीईईओ वेद सिंह दहिया।

### नेचर स्टडी एडवेंचर कैम्प के लिए छात्र मनाली रवाना

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग की ओर 22 से 27 मार्च तक हिमाचल के मनाली में लगने वाले नेचर स्टडी एडवेंचर कैम्प के लिए 46 छात्र-छात्राओं व चार शिक्षकों का ग्रुप फतेहाबाद से मनाली के लिए रवाना हुआ। डीपीसी व डीईईओ वेद सिंह दहिया ने फतेहाबाद बस अड्डे से 50 प्रतिभागियों के ग्रुप की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एडवेंचर के डिस्ट्रिक कोर्डिनेटर डॉ. ओमप्रकाश कादयान, एईईओ विजय जग्गा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक अजयपाल, भट्टूकलां के विक्की प्रकाश, सरकारी स्कूल फतेहाबाद की शिक्षिका राधा रानी, टोहाना के कन्हड़ी से नीलम, जाखल के म्योंदकलां से कर्मजीत सिंह तथा हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के अधिकारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# कैंप में पर्यावरण व स्वच्छता पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर अतिथियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

एमएम कॉलेज में सात दिवसीय स्पेशल एनएसएस कैम्प का आज शुभारंभ हुआ। इस कैम्प का शुभारंभ डॉ. मीनाक्षी कोहली द्वारा शुभारंभ करके किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर प्रो. आरके कौशिक ने भाग लिया। 'सेव इन्वॉयरमेंट-सेव ह्यूमिनिटी' विषय पर आयोजित इस कैम्प में एनएसएस की गर्ल्ज व ब्वॉयज विंग से 100 वॉलंटियर्स भाग ले रहे हैं। कैम्प के लिए इस बार कॉलेज द्वारा दो गांवों बीघड़-1 व बीघड़ दो का चयन किया गया है। सात दिवसीय कैम्प के दौरान इन गांवों में कॉलेज के वॉलंटियर्स ग्रामीणों को पर्यावरण और स्वच्छता को लेकर जागरूक करेंगे वहीं गांव में विभिन्न तरह की गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

जल संरक्षण दिवस पर स्वयंसेवकों ने जल को बचाने की भी शपथ ली। एमएम एजुकेशन सोसायटी के पदाधिकारियों व प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर वॉलंटियर्स को बधाई दी और गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। शुभारंभ अवसर पर वॉलंटियर्स को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. आरके कौशिक ने उन्हें एनएसएस के महत्व के बारे में जानकारी दी।

**छात्रों को एनएसएस का उद्देश्य बताया**

एनएसएस गतिविधियों के तहत विभिन्न कायारें के लिए स्वयंसेवा करने से छात्रों को आत्मविश्वासी बनने, नेतृत्व कौशल विकसित करने और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न लोगों के बारे में जानने का मौका मिलता है। एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। कैम्प के पहले दिन दुर्गा शक्ति टीम इंचार्ज सरोज एवं लेडी कांस्टेबल समेश्ता ने वॉलंटियर्स को उनके अधिकारों बारे जानकारी दी और पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे प्रयासों बारे बताया। वॉलंटियर्स को साइबर अपराधों से कैसे बचा जाए।

# स्नेचिंग और चोरी का आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्नैचिंग के मामले में कार्रवाई करते हुए सदर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान निर्मल सिंह निवासी गांव भोड़ी, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने 7 छीना झपटी और 9 चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है। पकड़े गये आरोपी के कब्जा से छीनी गई 200 रुपये की नगदी बरामद की गई है। सदर थाना टोहाना के प्रभारी देवीलाल ने बताया कि 6 फरवरी को स्नैचिंग के दर्ज मामले में पुलिस को आरोपी निर्मल की तलाश की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये आरोपी को काबू करके उसके कब्जा से छीने गये 200 रुपये बरामद किये है। पूछताछ के दौश्रान आरोपी ने अपने दोस्त अजय बाजीगर निवासी मनियाना, रवि उर्फ चांद निवासी चन्दडकलां व अजय बाजीगर के दोस्त कर्मू उर्फ धर्मू के साथ मिलकर विभिन्न जगहों पर कुल 16 चोरी व छीनछपटी की वारदातो का खुलासा किया है। आरोपी उक्त को माननीय अदालत मे पेश किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2023 में भोड़ियाखेड़ा में आंगनबाडी कम प्ले स्कूल से रवि उर्फ चांद के साथ मिलकर 2 बैटरी, 1 इन्वर्टर व सोलर प्लेट चुराई थी।

## विपक्ष को खत्म करना चाहती है मोदी सरकार : अनिल ज्याणी

# केजरीवाल की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोकसभा चुनावों में अपनी हार को देखकर भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है। चुनावों में जीत हासिल करने के लिए भाजपा के नेता साम-दाम-दंड-भेद सारी तिकड़में लगा रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी भी इसी बौखलाहट का जीता जागता प्रमाण है। यह बात फतेहाबाद विधानसभा से चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके प्रमुख समाजसेवी एवं सामाजिक संगठन स्वास्तिक के अध्यक्ष अनिल ज्याणी ने कही।



अनिल ज्याणी

**प्रदेश की जनता भाजपा को जान चुकी**

अब जब हरियाणा में लोकसभा चुनावों में सभी सीटें जाती दिखी तो भाजपा ने सीएम सहित पूरे मंत्रीमंडल को ही बदल डाला लेकिन प्रदेश की जनता भाजपा की सच्चाई को भली भांति समझ चुकी है। ऐसी तिकड़मों में फंसने की बजाय जनता लोकसभा व उसके बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में हरियाणा में भाजपा का सुपड़ा साफ करने का काम करेगी।

अनिल ज्याणी ने कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनावों की तारीख नजदीक आ रही है, भाजपा को सच्चाई का पता लग रहा है। ऐसे में सरकार विपक्ष को खत्म करने की साजिश चल रही है।

जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर गैर भाजपा राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और उसके नेताओं को जेल में बंद करने का काम किया जा रहा है। ऐसा करके भाजपा किसी भी तरह जीत हासिल करना चाहती है। पहले झारखंड में सीएम को गिरफ्तार कर उनके परिवार में फूट डाली गई और उनकी भाभी को भाजपा में शामिल कर परिवार के खिलाफ ही मैदान में उतार दिया और दिल्ली में भी भाजपा यही काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का भाजपा से विश्वास उठ चुका है। भाजपा के पास न तो कोई एजेंडा और न ही अपने कैंडीडेट। भाजपा धर्म, जाति के नाम पर लोगों को आपस में बांटकर वोट हथियाने की कोशिश में है। उन्होंने भाजपा नेताओं से पूछा कि अगर उन्हें मोदी की लोकप्रियता पर इतना ही विश्वास है तो वह दूसरे दलों के नेताओं को टिकट का प्रलोभन देकर चुनाव मैदान में क्यों उतार रही है। हाल ही में सामने आए इलैक्टोरल बांड घोटाले से देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी की साजिश रची है ताकि जनता और मीडिया में इस घोटालों का कोई जिक्र न हो। अनिल ज्याणी ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा के नेता 400 पार का नारा दे रहे हैं जबकि आज देश के हालातों को देखकर साफ है कि भाजपा 170 भी पार नहीं कर पाएगी। जिस तरह हरियाणा में भाजपा ने 75 पार का नारा दिया था और 40 पर ही सिमट गई थी, उसी समय केन्द्र में मोदी सरकार का हाल होगा। हरियाणा सरकार को घेरते हुए अनिल ज्याणी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा ने अपने साढ़े 4 साल के शासनकाल में विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगाई।

# बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में फाल्गुन माह के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

बाबा रामदेव सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में फाल्गुन माह के उपलक्ष्य में श्रद्धालु रामदेवरा पहुंचे और श्रद्धालुओ ने बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल ध्वाजा चंढ़ाकर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए, बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जयकारें लगाकर आसपास के माहौल को धार्मिकमय कर दिया। मंदिर रामदेवरा में बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित की गई। जोत प्रज्ज्वलित होते ही श्रद्धालुओं ने जोत के दर्शन कर सुख-शांति व समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। समिति प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित की और विधि-विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। मंदिर रामदेवरा पुजारी ने बाबा रामदेव महाराज की आरती की। आरती उपरांत बाबा रामदेव महाराज को चूरमा, मिश्री, मिष्ठान, मेवा, फल व बताशें आदि का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया। इस मौके पर समिति प्रधान रमेश जोइया, जोनी गहलोत, किशन लाल चौहान, सुभाष गहलोत, मनोज चायल, ओमप्रकाश मोंगा, बाली मित्तल, योगेश जोइया, सोनू शर्मा, निखिल गहलोत, सुरेन्द्र चायल, कमलकांत डाबी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ताराचंद महाराज की पुण्यतिथि 26 को

**रतिया।** चरित्र चूड़ामणि तपस्वी श्री ताराचंद जी महाराज की पुण्यतिथि 26 मार्च दिन मंगलवार को बुढलाड़ा रोड स्थित जैन समाधि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जैन समाधि संस्था के प्रधान सुरेश जिंदल, महामंत्री कैलाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मोहन जैन ने बताया कि 26 मार्च को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक समाधि स्थल पर नवकार महामंत्र का जाप होगा तथा तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिंदल ने बताया कि प्रतिवर्ष श्री ताराचंद जी महाराज की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन होता है।

### नि:शक्त कल्याण केंद्र में मना होली मिलन समारोह

**सिरसा।** आरकेजे श्रवण एवं वाणी नि:शक्त कल्याण केंद्र में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगराधीश पारस भागोरिया ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में दिव्यांग (बधिर) बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। केंद्र के सभी 69 दिव्यांग (बधिर) बच्चों, उनके अभिभावक एवं समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम में आजीवन सदस्यों राजपाल, सुशील कदोई, वीरेंद्र बाइया, सुधिर ललित एवं दानकर्ता श्याम सुंदर गुप्ता, सुधीर अग्रवाल ने भाग लिया। केंद्र के सहायक निदेशक शेखर शर्मा ने मुख्यअतिथि, सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया।

### सत्संग का अत्याधिक महत्व: भुवनेश्वरी देवी

**रानियां।** अनाज मंडी में पांच शाम कन्हैया के नाम से 14वां विशाल पांच दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में पहले दिन ब्रह्मलीन स्वामी रामेश्वरानंद की शिष्या भुवनेश्वरी देवी ने कहा कि मनुष्य जीवन में सत्संग का अत्याधिक महत्व है, क्योंकि संसार में मनुष्य को जो कुछ भी प्राप्त होता है यज्ञ, कीर्तन सभी सत्संग के प्रभाव से ही होते है और संत ईश्वर प्राप्ति का साधन बताते हैं। साध्वी ने कहा कि साधन विधि जानकर भक्त भजन ध्यान करके ईश्वर को प्राप्त करते है। इसके लिए मनुष्य को संसारिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विषय भोग से मुक्त होना होगा। उन्होंने कहा कि संसार का अधिकांश दुखों का कारण सांसरिक विषय है।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने लगाया रक्तदान शिविर



**डिंग।** अमर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के 93वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय संगठन भगत सिंह फाउंडेशन व यूथ जेबीटी कल्ब डिंग के सहयोग से आज पुरानी अनाज मंडी डिंग में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 92 व्यक्तियों द्वारा स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में युवा एथलीट व ड्रग-फ्री एंबैसडर हरियाणा सियाज पूनिया ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की।

### डबवाली में बैंक के एटीएम में तोड़फोड़,



**डबवाली।** शहर के चौटाला रोड पर स्थित आईडीएफसी बैंक के एटीएम में घुसकर अज्ञात युवकों ने कल देर रात तोड़फोड़ की और एटीएम से नगदी चुराने का प्रयास किया। हालांकि यह अज्ञात चोर नगदी चुराने के अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके, लेकिन तोड़फोड़ में एटीएम को काफी नुकसान हुआ है। मामले की सूचना मिलते ही सुबह पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। गौरतलब है कि आईडीएफसी बैंक का एक कर्मचारी जब सुबह एटीएम में पहुंचा तो उसने देखा कि यहां तोड़फोड़ की जा चुकी है।

## सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर बोले

# पीएम मोदी की विकास की गारंटी पर जीत की मुहर लगाएगी जनता

तंवर ने शुक्रवार को रतिया में फतेहाबाद व रतिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया




**रतिया।** कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र की जनता को भाजपा सरकार पर पूरा भरोसा है। पीएम मोदी की विकास की गारंटी पर जीत की मोहर जनता अवश्य लगाएगी। वे शुक्रवार को रतिया में फतेहाबाद व रतिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यवक्ता के रूप में लोकसभा चुनाव के कलस्टर प्रभारी राव नरवीर सिंह ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने की। इस अवसर पर सिरसा लोकसभा के संयोजक आदित्य देवीलाल, रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम, जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य, फतेहाबाद की पूर्व विधायक स्वतंत्र बाला चौधरी, विधानसभा प्रभारी रमेश मैहता, चेयरमैन प्रो. रविन्द्र बलियाला, चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, डेयरी एवं पशुपालन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजपाल बैनीवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण जोड़ा, विस्तारक रमेश छिरंग ने भी बैठक को संबोधित किया। राव नरवीर सिंह व डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि फतेहाबाद हलके का एक एक कार्यकर्ता भाजपा का सच्चा सिपाही है। पार्टी की सेवा में खुद को समर्पित रखने वाले भाजपा कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव में जी तोड़ मेहनत कर सिरसा की सीट को विजयी बनाने में अहम योगदान निभाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 'इस बार 400 पार' का नारे को सार्थक सिद्ध करने के लिए जी जान से मेहनत करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का मूल आधार होते हैं। कार्यकर्ता ही जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करते हैं। अशोक तंवर ने कहा कि वह कई सालों से सिरसा लोकसभा क्षेत्र की जनता के बीच रहे हैं। उन्हें भाजपा की सेवा करने का जो सौभाग्य मिला है, वह इन्ही कार्यकर्ताओं की प्रेरणा से मिला है। इस दौरान राव नरवीर सिंह व डा. अशोक तंवर ने पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों, योजनाओं व नीतियों के बारे में भी कार्यकर्ताओं को बताया।

# जजपा ने गुरतेज का नाम सिरसा लोकसभा के लिए भेजा



**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते जजपा नेता।

- गुरतेज नागपुर वर्तमान में हल्का रतिया के सक्रिय कार्यकर्ता व एससी सैल के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जननायक जनता पार्टी द्वारा सिरसा लोकसभा चुनाव को लेकर जिला फतेहाबाद में जेजेपी इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राधेश्याम शर्मा व सिरसा जिले के युवा प्रधान रणदीप मटदाड़ू पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र लेगा व जिलाध्यक्ष रविन्द्र बैनिवाल ने की।

### बैठक में मंथन

बैठक में सिरसा लोकसभा चुनाव को लेकर फतेहाबाद जिला के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया और सुझाव भी लिए गए। जननायक जनता पार्टी जिला फतेहाबाद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने विचार विमर्श करके लोकसभा चुनाव सिरसा के गुरतेज नागपुर का नाम पार्टी हाईकमान को सौंपा। गुरतेज नागपुर वर्तमान में हल्का रतिया के सक्रिय कार्यकर्ता व एससी सैल के प्रधान भी है। इस मौके पर जननायक जनता पार्टी के फतेहाबाद के हल्का प्रधान सुभाष गोरछिया, रतिया हल्का के प्रधान राकेश सिहाग, टोहाना हल्का के प्रधान संदीप समैन, पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला प्रधान सरपंच रवि गढ़वाल, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला प्रधान जसवंत सिंह चौबारा, किसान प्रकोष्ठ के जिला प्रधान साधुराम गोरखपुर, यूएलबी प्रदेश सचिव सौरभ चौधरी, युवा हल्का प्रधान रतिया अमरजीत कमाना, युवा हल्का प्रधान टोहाना जगजीत भोड़ी, सीएम विंडो के एमिनेट पर्सन कुलदीप सिगड, आनंद गुर्जर, आइटी सैल कोर्डिनेटर इंद्रजीत, आफिस इंचार्ज सतीश गढ़वाल, अशोक टांडी, सोनू दहमन, नरेश ढाका व अन्य जेजेपी पदाधिकारी कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र खत्म कर रही सरकार

- आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कल्याण सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



कल्याण सिंह।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शिकायत निवारण व अनुशासन समिति के सदस्य कल्याण सिंह ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए काला दिन बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश में लोकतंत्र को कुचलने में लगी हुई है। आज लोकतंत्र को लाठीतंत्र और ईडीतंत्र में तब्दील किया जा रहा है। आप नेता ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ही नहीं, पूरे देश की जनता केजरीवाल के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। आने वाले लोकसभा चुनावों में जनता भाजपा से वोट की ताकत से अपना बदला लेगी। कल्याण सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जीत के लिए भाजपा ने पूरे देश में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। विपक्षी दलों के नेताओं को गिरफ्तार कर जेलों में डाला जा रहा है। भाजपा ने आज देश में एमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य राज्यों में मिल रही टक्कर से भाजपा नेता बौखलाए हुए हैं। सरकार का विरोध करने सड़कों पर उतरे लोगों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। विपक्षी पार्टियां जनता के बीच उसकी पोल न खोल सकें, इसको लेकर विपक्षी दलों के खातों को फ्रीज किया जा रहा है लेकिन देश की जागरूक जनता सब देख रही है और लोकसभा चुनावों में भाजपा से पाई-पाई का हिसाब लेने को तैयार है।

# मजहबी सिख समाज को टिकट देने की मांग

- ऑल इंडिया मजहबी सिख समाज के नेताओं ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



**सिरसा।** पत्रकारों से बात करते हुए ऑल इंडिया मजहबी सिख समाज के राजनीतिक चेयरमैन जसविंद्र सिंह धालीवाल।

ऑल इंडिया मजहबी सिख समाज के राजनीतिक चेयरमैन जसविंद्र सिंह धालीवाल ने कहा कि सिरसा लोकसभा सीट सिख बेल्ट है और यहां मजहबी, सिख व वाल्मीकि समाज के 6.5 लाख वोटर हैं। इसलिए इस सीट पर मजहबी सिख समाज का अधिकार बनता है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार गंगानगर लोकसभा में मजहबी सिख समाज ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए लोकसभा की 8 में से 5 सीटें कांग्रेस पार्टी की झोली में डालने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार ने इस समाज के तमाम अधिकारों को खत्म करने का काम किया है। उनके लिए सिख गुरुद्वारे नासूर बन चुके हैं। मजहबी-सिख समाज के अतिरिक्त संपूर्ण एससी एसटी, ओबीसी पूर्णतया भाजपा सरकार की आरक्षण विरोधी गतिविधियों का विरोध करता है। देश के मुखिया ने हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन नौकरी की बजाय 80 करोड़ लोगों को 5 किलोग्राम गेहूं पर ही निर्भर करके छोड़ दिया। ताजा सर्वे में सामने आया है कि देश में 67 लाख बच्चों को खाना ही नसीब नहीं हो रहा। जिस देश का बचपन भूखा हो, उस देश की जवानी क्या होगी? देश की 105 करोड़ की आबादी को कैलोरी युक्त भोजन नहीं मिल रहा और बात करते हैं विकसित भारत की। इनेलो-जजपा बारे पूछे गए सवाल पर धालीवाल ने कहा कि ये पार्टियां केवल और केवल वोट कटवा पार्टियां बन कर रह गई है। धालीवाल ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी सिरसा लोकसभा से मजहबी सिख समाज को प्रतिनिधित्व देती है तो इसका फायदा विधानसभा चुनावों में पार्टी को भली भांति होगा और राजस्थान की लगती सीमा श्रीगंगानगर लोकसभा व पंजाब में भी कांग्रेस पार्टी को बहुतायत फायदा होगा।

# पानी को बचाना सामूहिक जिम्मेदारी : शर्मा चंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

विश्व जल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत तलवाड़ा में जल संरक्षण सेमिनार का आयोजन ग्राम सचिवालय में किया गया। सेमिनार में गांव की आगनवाडी वर्कर, आशा वर्कर, सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओ ने भारी संख्या में भाग लिया। जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने महिलाओं को जल के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि विश्व जल दिवस के मौके पर हमे सामूहिक रूप से जल बचाने की शपथ लेकर उस पर कार्य करने की जरूरत है। दुनिया में आज बहुत ऐसे शहर है जहां आज पीने के पानी का संकट है। कई देशों में आज पीने के पानी की कीमत तेल से ज्यादा है। हमारे देश में भी पीने के पानी के भंडारण सीमित मात्रा में है और जो है वह निरंतर सिकुड़ रहे हैं अर्थात उनके पानी की मात्रा कम होती जा रही है। ऐसे में हमें हमारे पीने के पानी के भंडारण को सुरक्षित रखना चाहिए। पीने के पानी को बर्बाद होने से रोकने के साथ साथ उनको गंदा होने से भी बचाना चाहिए। रजनी बाकोलिया खंड संयोजक ने मंच का संचालन करते हुए जल बचाओ मुहिम के बारे मे बताया। इस मौके पर अमनदीप कौर, हरदीप कौर, अमनदीप कौर, परमजीत कौर व अन्य मौजूद रहे।

# फाल्गुन महोत्सव पर हुआ संकीर्तन

- पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टोहाना



**टोहाना।** श्री श्याम संकीर्तन में पूजा अर्चना करते विधायक देवेन्द्र बबली।

सर्व समिति गुप्ता कालोनी धर्मशाला व चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्रीश्याम फालगुन महोत्सव के अवसर पर पहला विशाल संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में विधायक एवं पूर्व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने शिरकत की। उन्होंने श्याम बाबा की प्रतिमा को नमन कर संकीर्तन का शुभारंभ किया, वहीं श्याम बाबा की विधिविधान पूर्वक पूजा अर्चना की। उन्होंने श्याम भक्तों को फालगुन महोत्सव की बधाई दी और नागरिकों की स्मृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। विधायक देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि ऐसी किसी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में या महोत्सव में जाने का मौका मिलता है, तो इसमें मेरा सौभाग्य है।

उन्होंने कहा कि वे बाबा खाटू श्याम जी से प्रार्थना करते हैं कि सभी लोगों पर विशेष कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि संकीर्तन व आध्यात्मिक कार्यक्त्रमों के आयोजनों से लोगों में धार्मिक व आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। वहीं लोगों को हमारे दिव्य पुरुषों, संतों एवं महात्माओं के बारे में जाने का अवसर मिलता है।

# आचार संहिता का सख्ती से पालन करना जरूरी

- चुनाव प्रचार सामग्री में प्रकाशक व प्रकाशन करवाने वाले का उल्लेख होना जरूरी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान सभी प्रकार की प्रचार सामग्री पर प्रकाशन करवाने वाले दल या व्यक्ति और प्रकाशक का नाम छापना जरूरी है। इस जानकारी के बिना चुनाव से संबंधित पंफलेट, पोस्टर, बैनर आदि प्रकाशित करना आचार संहिता का उल्लंघना माना जाएगा। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों और जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के नियमों के अनुसार लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री पर छपवाने व छापने वाले का नाम प्रकाशित होना जरूरी है। जिला के सभी प्रिंटिंग प्रैस संचालक चुनाव आयोग के नियमों की शत-प्रतिशत पालना करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन नियमों की अवहेलना करने वाले के खिलाफ निर्वाचन विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसलिए प्रिंटिंग प्रैस संचालक प्रकाशन सामग्री की जांच करने के उपरांत ही उसे प्रकाशित करने का निर्णय लें। इसमें किसी जाति, धर्म, भारतीय गणरा'य संघ, संविधान के प्रति आपत्तिजनक शब्द नहीं होने चाहिए।

### नियमों का उल्लंघन न करने पर कार्रवाई

उन्होंने बताया कि जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए में स्पष्ट तौर पर चुनाव के दौरान प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के लिए नियमों की जानकारी दी गई है। इन नियमों के अनुसार कोई भी प्रिंटिंग प्रैस संचालक बिना शपथ पत्र के चुनाव से संबंधित प्रचार सामग्री नहीं छाप सकता। इसके लिए उसे संबंधित उम्मीदवार से एक शपथ पत्र लेना है, जिस पर प्रचार सामग्री छपवाने वाले के हस्ताक्षर होंगे। साथ ही दो गवाहों के हस्ताक्षर पत्र पर होने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग के बाद प्रैस के मालिक को शपथ पत्र की प्रति और छापी गई प्रचार सामग्री की प्रतियां निर्वाचन विभाग के कार्यालय में भिजवानी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित पंफलेट व पोस्टर आदि प्रचार सामग्री संबंधित उम्मीदवार की सहमति से ही छाप सकते हैं।

## छात्राओं को मतदान का महत्व बताया

# लोकतंत्र के यज्ञ में हिस्सा लेना सभी का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** एमएम शिक्षण महाविद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ को मतदान की शपथ दिलाते प्राचार्या डॉ. जनक रानी।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल के आदेशों की पालना में लोकसभा आम चुनाव में जिला में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान में सभी स्कूल, कॉलेज, आईटीआई व बहुतकनीकी सहित सभी शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ नेहरू युवा केंद्र, जिला रेडक्रॉस सोसायटी व समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा व मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय आदि शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को मतदान के महत्व को समझाते हुए शपथ ग्रहण करवाई गई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने कहा कि जात-पात, धर्म, रंगभेद तथा अन्य किसी प्रलोभन से उपर उठकर मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करना हमारा सभी का कर्तव्य है। चुनाव आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मोबाइल एप हेल्पलाइन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है जिसमें हम अपना पंजीकरण करवा कर अपना वोटर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि लोकसभा चुनाव के इस पर्व में हम सभी मतदाता को बढ़ चढ़ कर भाग लें तथा लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करे। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए 1 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष की उम्र की दहलीज पार कर चुके युवा अपना वोट अवश्य बनवाएं। वोट बनवाकर लोकतंत्र के यज्ञ में अपनी आहुति प्रत्येक नागरिक को देनी चाहिए, क्योंकि अधिक से अधिक मतदान से ही देश में लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होती हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों में स्लोगन, लेखन, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005